सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर,उत्तराखण्ड

राज्यपाल ने महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी।

राजभवन देहरादून 01 अक्टूबर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों ने भारतवर्ष ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व को मार्ग दिखाया है। गांधी जी द्वारा विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए हमारे लिए स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। उनके सत्य व अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।

राज्यपाल ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी की सादगी, सरलता, देशभक्ति तथा ईमानदारी से भरा जीवन–आचरण, हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास़्त्रोत रहेगा। उनके 'जय जवान–जय किसान' के उद्‌घोष ने पूरे राष्ट्र में ऊर्जा व उत्साह का संचार किया था।

..........0..........